कार्यालय समन्वयक
पी.टी.ई.टी. एवं बी.ए. बी.एड./बी.एससी. बी.एड. – 2019
राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर
दूरभाषः 0151–2528034, 2528035
e-mail: ptetdcb2019@gmail.com Website : www.ptet2019.org,www.ptet2019.net

क्रमांकः दिनांकः–23.06.19

प्रेस न्यूज

बी.एड./बी.ए.बी.एड./बी.एससी.बी.एड. परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को मिलेगा ई.डब्लू.एस. व एम.बी.सी. का लाभ

बीकानेर 23 जून 2019।

राजस्थान सरकार द्वारा पीटीईटी एवं बीए.बीएड./बीएससी बीएड. परीक्षा–2019 में आर्थिक पिछड़ा वर्ग व अतिपिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण के प्रावधान लागू कर दिए हैं। समन्वयक पीटीईटी–2019 डॉ. एन. के. व्यास ने सूचित किया कि राज्य सरकार द्वारा इस सत्र 2019–20 की प्रवेश प्रक्रिया में आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EWS) हेतु 10 प्रतिषत व अति पिछड़ा वर्ग (MBC) हेतु 5 प्रतिषत आरक्षण का प्रावधान किया गया है जो वर्तमान आवंटित सीटों में ही होगा। डॉ. एन.के.व्यास ने सूचित किया कि कार्मिक विभाग द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 19.02.2019 के अनुसार इनकम तथा एसेट्स सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। समन्वयक डॉ. व्यास ने बताया कि पीटीईटी द्वारा शीघ्र ही काऊँसलिंग का कलेन्डर जारी कर दिया जाएगा। पीटीईटी एव चार वर्षीय बीए.बीएड./बीएससी बीएड में अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन करते समय जिसमें EWS व MBC श्रेणी का लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा । अतः इस श्रेणी में लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से बनवा लें। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अपनी आर्हता परीक्षा–2019 उर्त्तीण कर ली है वे भी अपना परीक्षा परिणाम अपलोड कर दें। काऊँसलिंग प्रक्रिया की जानकारी के लिए समाचार पत्रों एवं पीटीईटी–2019 की अधिकृत वैबसाईट के सम्पर्क में रहें ताकि उन्हे सही समय पर सूचना प्राप्त हो सके।

-sd-
(डॉ. एन.के.व्यास)
समन्वयक पी.टी.ई.टी.–2019
राजकीय डूंगर महाविद्यालय
बीकानेर